JEEViKA
An Initiative of Government of Bihar for Poverty Alleviation
Bihar Rural Livelihoods Promotion Society
State Rural Livelihoods Mission, Bihar
1st Floor, Vidyut Bhawan-II, Bailey Road, Patna - 800 021; Ph. : +91-612-250 4980; Fax : +91-612-250-4960; e-mail : info@brlp.in; Website : www.brlp.in

प्रेषक,

राहुल कुमार, भा.प्र.से.

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी- सह- राज्य मिशन निदेशक

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्सहन समिति (जीविका)

बिहार ।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

बिहार ।

विषय :- बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 अधीन निबंधित समितियों के निदेशक पर्षद/ मंडल के निर्वाचन के संबंध में ।

महाशय,

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति अंर्तगत गठित कुल 352 सामुदायिक संगठनों का निबंधन बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 के अधीन प्राथमिक सहकारी समिति के रूप में हुआ है । प्रथम निदेशक पर्षद/ मंडल के कार्यकाल समाप्ति तक नये निदेशक पर्षद/ मंडल का गठन निर्वाचन के द्वारा होता है । बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार बिहार की अधिसूचना 971 दिनांक 15.06.2022 एवं 1160 दिनांक 01.07.2022 की कंडिका 7 (i) के अनुसार सीधे निर्वाचित होनेवाले एकल पदों का प्रावधान है और सीधे निर्वाचित होनेवाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पुरे निदेशक मंडल पर आरक्षण का प्रावधान है ।

ज्ञात हो कि जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के निबंधित उपविधियाँ की धारा/ उपबंध/ कंडिका 30 (1) (निदेशक पर्षद का आकार और गठन) में प्रावधान है " समिति का प्रबंधन एक निदेशक पर्षद में निहित होगा जिसमें 13 निदेशक होंगे निदेशक पर्षद में 12 (बारह) निदेशक सामान्य निकाय द्वारा निर्वाचित होंगे " और 30 (2) के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव निर्वाचित निदेशकों में से निदेशक पर्षद द्वारा किया जाएगा ।

आपसे अनुरोध है कि जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के निदेशक पर्षद का चुनाव निबंधित उपविधियाँ के अधीन कराने हेतु सभी संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को निदेशित किया जाए और समय-समय

पर जारी सभी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के निर्वाचन संबंधी अधिसूचना से सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी- सह- राज्य मिशन निदेशक ,जीविका को अवगत कराया जाए ।

(राहुल कुमार)

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी- सह-राज्य मिशन निदेशक

अनुलग्नक :- यथोक्त ।

प्रतिलिपि :-

1. निबंधक, सहयोग समिति, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार